दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 18-09-2025

# शिविर में 151 यूनिट रक्त एकत्र, सीआरएसयू में पौधे रोपे

जींद| भाजपा जयंती मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन मंडल अध्यक्ष बलराज पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 151 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढा व भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गौरव भारद्वाज, जिला युवा मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष नवीन शर्मा, विकास शयोकंद, मंडल महामंत्री संजय सैनी, शिव चरण, विनय, सुभाष,ममता आदि मौजूद थे। उधर, युवा विकास समिति ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस दौरान 41 लोगों ने रक्तदान किया । इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राज सैनी, जिला महामंत्री पुष्पा तायल व सुखदीप भुआना, युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढ्ढू, विनोद शर्मा आदि मौजूद थे। इधर, सीआरएसयू में एनएसएस की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर श्रमदान व पौधरोपण कार्यक्रम किया। वीसी प्रो. रामपाल सैनी व कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन, ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विचार कि 'स्वच्छता ही सेवा है' सम्पूर्ण देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

पंजाब केसरी

Date – 18/09/2025

पंजाब केसरी THU,18 SEPTEMBER 2025
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 3

# सी.आर.एस.यू. में छात्रों ने किया श्रमदान, पौधारोपण

जींद, 17 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पी.एम. नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर श्रमदान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया।

कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विचार कि स्वच्छता ही सेवा है, सम्पूर्ण देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं कर्मियों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहें।

कार्यक्रम की शुरूआत श्रमदान के साथ हुई, जिसमें परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।



पौधारोपण करते हुए वी.सी.।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने प्रधानमंत्री के कुशल स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और स्वच्छता एवं हरियाली प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत, हरित भारत के संकल्प को मजबूत करना तथा युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित करना था।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन, एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन लाडवाल, विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं गण्यमान्य अतिथिगणों ने मिलकर स्वेच्छा से श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन लाडवाल ने सभी सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक, विद्यार्थी, शोधार्थी, एन.एस.एस. स्वयंसेवकों का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

अमर उजाला

Date – 18/09/2025

my city # हम

## न्यूज़ डायरी

# पौधरोपण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पौधरोपण करते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी। स्रोत विवि

**जींद।** चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर श्रमदान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विचार स्वच्छता ही सेवा है। संपूर्ण देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं कर्मियों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहें। संवाद